# 3 (Sem–6/CBCS) HIN HC 1

# 2025

## HINDI

## ( Honours Core )

Paper : HIN–HC–6016

**( हिन्दी की साहित्यिक पत्रकारिता )**

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) 'कविवचनसुधा' पत्रिका कहाँ से प्रकाशित होती थी?

(ख) बद्रीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' द्वारा सम्पादित पत्रिका का नाम लिखिए।

(ग) गोपालराम गहमरी ने जासूसी उपन्यासों के प्रकाशन के लिए कौन-सी पत्रिका निकाली थी?

(घ) 'प्रताप' मासिक पत्रिका थी या साप्ताहिक?

(ङ) 'सरस्वती' पत्रिका का प्रकाशन किस वर्ष से आरम्भ हुआ था?

(च) 'समालोचक' पत्रिका के सम्पादक कौन थे?

(छ) बाल-साहित्य से संबंधित एक पत्रिका का नाम लिखिए।

(ज) नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित पत्रिका का नामोल्लेख कीजिए।

(झ) हिन्दी के एक राष्ट्रीय दैनिक समाचार-पत्र का नाम लिखिए।

(ञ) जयशंकर प्रसाद की 'ग्राम' कहानी किस पत्रिका में प्रकाशित हुई थी?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) प्रेमचंद ने 'हंस' पत्रिका का प्रकाशन कब और कहाँ से किया था?

(ख) 'भारतमित्र' पत्रिका की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

(ग) 'सरस्वती' पत्रिका के दो सम्पादकों के नाम लिखिए।

(घ) 'प्रभा' पत्रिका कहाँ से प्रकाशित होती थी? इसके प्रथम सम्पादक का नाम क्या था?

(ङ) अज्ञेय द्वारा सम्पादित दो पत्रिकाओं के नाम लिखिए।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) 'हरिश्चन्द्र मैगज़ीन' पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ख) हिन्दी साहित्य को 'हिन्दी प्रदीप' पत्रिका की देन पर प्रकाश डालिए।





(ग) भारतेन्दुयुगीन साहित्यिक पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रतापनारायण मिश्र के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(घ) 'मतवाला' पत्रिका का सामान्य परिचय प्रस्तुत कीजिए।

(ङ) 'प्रतीक' पत्रिका का सामान्य परिचय दीजिए।

(च) 'हिन्दी की साहित्यिक पत्रकारिता में प्रेमचंद की भूमिका' पर एक टिप्पणी प्रस्तुत कीजिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) साहित्यिक पत्रकारिता का अर्थ स्पष्ट करते हुए उसके महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

भारतेन्दुयुगीन साहित्यिक पत्रकारिता की प्रमुख विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

(ख) 'साहित्यिक पत्रकारिता को द्विवेदीयुगीन साहित्यकारों की देन' विषय पर एक लेख लिखिए।

**अथवा**

छायावादयुगीन साहित्यिक पत्रकारिता की प्रमुख प्रवृत्तियों को रेखांकित कीजिए।

(ग) स्वातंत्र्योत्तर साहित्यिक पत्रकारिता पर एक लेख लिखिए।

**अथवा**

समकालीन साहित्यिक पत्रकारिता की दिशा और दशा पर प्रकाश डालिए।

(घ) हिन्दी कहानी के विकास में स्वातंत्र्योत्तर साहित्यिक पत्रकारिता की भूमिका का आकलन कीजिए।

अथवा

'जनसत्ता' पत्र के ऐतिहासिक महत्त्व का मूल्यांकन कीजिए।

★★★